R.N.I. No. RAJHIN/2020/79075

# कागज़ की कश्ती

पाक्षिक समाचार पत्र

मो. 9829250181
ई-मेल : shiv.ksg@gmail.com

सम्पादक : शिवकुमार शर्मा

वर्ष - 7 | अंक - 5 | सोमवार, 7 सितम्बर 2026 | कुल पृष्ठ - 4 | ( पाक्षिक ) | मूल्य रु. 360/- ( वार्षिक )

## किशनगढ़ नगर परिषद चुनाव 2026

# 60 वार्डों में 256 प्रत्याशी लड़ेंगे जंग-किस्मत के संग

**89 उम्मीदवारों ने वापस लिए नाम** | **6 वार्डों में भाजपा-कांग्रेस में सीधी टक्कर** | **भाजपा-60,कांग्रेस-60, आरएलपी-5, आप-2, निर्दलीय-130**

**शिवकुमार शर्मा/कागज की कश्ती**

*मदनगंज-किशनगढ़। किशनगढ़ नगर परिषद चुनाव के तहत नाम वापसी के अंतिम दिन कुल 89 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए हैं। प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब नगर परिषद के सभी 60 वार्डों की चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो चुकी है। विभिन्न वार्डों में प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होते ही राजनीतिक पंडितों और रणनीतिकारों ने जोड़-तोड़ व हार-जीत का गणित लगाना शुरू कर दिया है। नामांकन वापसी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब किशनगढ़ के 60 वार्डों में कुल 256 उम्मीदवार चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। जिनमें भारतीय जनता पार्टी के 60 उम्मीदवार, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 60 उम्मीदवार, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी 5 उम्मीदवार, आम आदमी पार्टी के 2 उम्मीदवार एवं निर्दलीय 130 उम्मीदवार शामिल है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार जैन के अनुसार शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे से चुनाव मैदान में डटे सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि नगर निकाय के लिए मतदान 11 सितंबर को संपन्न होगा।*



*फोटो किशनगढ़। निर्वाचन कार्यालय में नामांकन पत्र जमा व जांच करते अधिकारी व कार्मिक।*

## 89 उम्मीदवारों ने वापस लिया पर्चा- बचा लिया खर्चा

***किशनगढ़ नगर परिषद चुनाव में नामांकन पत्र वापसी की आज अंतिम तिथिथी। दो दिनों में गुरुवार 3 बजे तक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार चौधरी के समक्ष 89 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस लिए है।***

| | |
|---|---|
| **वार्ड संख्या** 1 | मदन सिंह-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 3 | राहुल-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 4 | रविशंकर वैष्णव-निर्दलीय, नरेन्द्र चौधरी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 5 | कानाराम माली-निर्दलीय, अयाज हुसैन-निर्दलीय, हरेन्द्र रियाड-निर्दलीय, सिकंदर खान-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 6 | जावेद मंसूरी-निर्दलीय, मोहम्मद आसिफ-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 7 | सिकंदर खान-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 8 | रेणु देवी-निर्दलीय, स्नेहलता-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 9 | रणजीत-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 10 | सानिया रजा-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 13 | खुशबु राव-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 14 | कैलाश चन्द तिवाड़ी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 16 | कालू-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 17 | नवीन कुमार जिन्दागल-निर्दलीय, अभिषेक परसोया-निर्दलीय, मुकुट बिहारी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 19 | मैना यादव-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 23 | दीपिका-निर्दलीय, इन्द्रा-निर्दलीय, यश कुमार साहू-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 24 | कमल जैन-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 25 | दुष्यंत चौधरी-निर्दलीय, संजु-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 26 | नवीना चौधरी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 27 | दिलीप सिंह-निर्दलीय, हरी सिंह-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 28 | सावित्रि-निर्दलीय, चान्द देवी-निर्दलीय, आनन्द कँवर-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 29 | अनिता कँवर-निर्दलीय, तरुणा जैन-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 30 | मधुबाला रुनवाल-निर्दलीय, निकिता-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 32 | कमला देवी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 33 | गणेश राम नायक-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 34 | अर्चना सैन-निर्दलीय, नेहा आसोलिया-आरएलपी |
| वार्ड संख्या 36 | दीपक कुमार जोरम-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 37 | मितेश जामड़-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 39 | सीताराम शर्मा-निर्दलीय, हितेश-निर्दलीय, नवदीप सिंह-निर्दलीय, मनोहर सिंह खंगारोत-निर्दलीय, शिवरतन-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 40 | महेश-निर्दलीय, अश्विनी कुमार परिहार-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 43 | अंजुम निशा-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 44 | मोहम्मद दाऊद हुसैन-निर्दलीय, राज कुमार-निर्दलीय, नवीन कुमार-निर्दलीय, मोहम्मद शब्बीर-निर्दलीय, अब्दुल अजीज-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 45 | सुमन सैनी-निर्दलीय, सुमन कुमारी मालाकार-निर्दलीय, नेराज-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 46 | इस्लामुद्दीन-निर्दलीय, श्योराम-निर्दलीय, इस्लामुदीन-निर्दलीय, विक्रम सिंह गुर्जर-निर्दलीय, दीपक मालाकार-निर्दलीय, मनीष शर्मा-निर्दलीय, बबलू प्रजापत-निर्दलीय, महेन्द्र-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 47 | शम्भू कुमार-निर्दलीय, तानसेन दमामी-निर्दलीय, दीपांशु सांगेला-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 48 | रुकसार बानू-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 50 | मोहन लाल गुर्जर-निर्दलीय, टीपू सुल्तान-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 51 | श्योराम-निर्दलीय, सुनील कुमार सैनी-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 52 | गंगा-निर्दलीय, किरण गुर्जर-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 53 | पप्पन छाबडा-निर्दलीय, मनमोहन शर्मा-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 54 | रामसूरत सिंह-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 55 | मनोज मालाकार-निर्दलीय, अजय-निर्दलीय |
| वार्ड संख्या 58 | किशनलाल-निर्दलीय, युगल किशोर-निर्दलीय, गोरधन गुर्जर-निर्दलीय, राजेश गुर्जर-निर्दलीय, पदम चन्द रेगर-निर्दलीय, आकाश रैदास-निर्दलीय, |


## 6 वार्डों में आमने-सामने की सीधी टक्कर

नाम वापसी के बाद बने समीकरणों के अनुसार शहर के 8 वार्डों में केवल 2-2 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं, जहां भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होगा। जिसमें वार्ड 1, 17, 26, 45, 54 व 56 शामिल है।

### यहां होगा आमने सामने चुनावी जंग

**वार्ड** 1 : बलबीर राजपुरोहित (कांग्रेस) बनाम श्रीराम चौधरी (भाजपा)
वार्ड 17: चन्द्रभान डबरिया (कांग्रेस) बनाम लक्ष्मी नारायण सोनगरा (भाजपा)
वार्ड 26: सुशीला (कांग्रेस) बनाम मनीषा (भाजपा)
वार्ड 45: सावत्री (कांग्रेस) बनाम चंदा देवी (भाजपा)
वार्ड 54: कार्तिक कुमार (कांग्रेस) बनाम राजकुमार (भाजपा)
वार्ड 56: पूजा बिड़ला (कांग्रेस) बनाम पुजा (भाजपा)

## आया मौसम मान-मनुहार का...




***अपना नामांकन पत्र सही पाए जाने के बाद प्रत्याशी अब मान मनुहार में जुट गए हैं। तीज त्योहारों के बीच आये चुनाव के मौसम को लेकर, सीनियर कार्टूनिस्ट जसवंत सिंह दारा का कार्टून।***

# आधी आबादी का दबदबा बरकरार

## 20 वार्डों में आमने-सामने महिला उम्मीदवार
## भाजपा ने 20 तो कांग्रेस ने 22 महिला उम्मीदवारों पर खेला दांव



अपने ही दम पर बिना संसाधनों के नीचे बैठकर अपना नामांकन भरती एक महिला प्रत्याशी। शिव शर्मा

(जितेंद्र तिवाड़ी)

**मदनगंज-किशनगढ़।** महिला आरक्षण बिल भले ही आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा, उसके बावजूद इस बार भी नगर परिषद चुनाव 2026 के लिए घोषित प्रत्याशियों की सूची में दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने महिला उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है। इस बार का निकाय चुनाव आधी आबादी के दबदबे का भी गवाह बनने जा रहा है। कुल 60 वार्डों में से 20 वार्डों में दोनों ही पार्टियों ने महिला उम्मीदवारों को आमने-सामने उतारकर सीधा महिला बनाम महिला का दिलचस्प मुकाबला तय कर दिया है। पूरी सूची के विश्लेषण के अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने सर्वाधिक 22 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जबकि भाजपा की ओर से 20 महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।

### पार्टीवार महिला प्रत्याशियों और वार्डों का ब्यौराः

**भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) – कुल 20 महिला उम्मीदवार**

वार्ड 8ः माया देवी, वार्ड 10ः गणेशी देवी, वार्ड 13ः दुर्गा मालाकार, वार्ड 19ः संतोष पारीक, वार्ड 26ः मनीषा अग्रवाल, वार्ड 28ः बीना रावत, वार्ड 29ः सुशीला बाहेती, वार्ड 30ः हेमलता, वार्ड 31ः दिव्या टॉक, वार्ड 32ः रेखा बंजारा, वार्ड 34ः शतविभा पाराशर, वार्ड 35ः सोनम जांगिड, वार्ड 43ः मेनका तेली, वार्ड 45ः चन्दा देवी माली, वार्ड 48ः विमला देवी, वार्ड 49ः वर्तिका करनावट, वार्ड 52ः प्रेम देवी, वार्ड 56ः पूजा, वार्ड 57ः गायत्री देवी, वार्ड 60 कान्ता देवी रेगर

**इंडियन नेशनल कांग्रेस — कुल 22 महिला उम्मीदवार**

वार्ड 8ः सलमा, वार्ड 10ः हमीदा बानो, वार्ड 13ः चन्द्रकला गहलोत, वार्ड 18ः आशा, वार्ड 19ः रूपा देवी, वार्ड 26ः सुशीला, वार्ड 28ः संगीता देवी, वार्ड 29ः सुनिता दाधीच, वार्ड 30ः अंजू सैन, वार्ड 31ः गुड्डी टांक, वार्ड 32ःलक्ष्मी देवी, वार्ड 34ः शिवराज कँवर, वार्ड 35ः कोमल यादव, वार्ड 43ः प्रेम, वार्ड 45ः सावत्री देवी, वार्ड 46ः राजा देवी, वार्ड 48ः सबनम बानो, वार्ड 49ः माधुरी दमामी, वार्ड 52ः प्रियंका देवी, वार्ड 56ः पूजा बिडला (मेघवाल), वार्ड 57ः, शोभा देवी, वार्ड 60ः अंतरा देवी



नामांकन पत्र की जांच के दौरान घूंघट की ओट में बाहर बैठी महिला प्रत्याशी।

### प्रमुख आमने-सामने महिला मुकाबले (वार्ड)

कई वार्ड ऐसे हैं जहां भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। इनमें वार्ड 8, 10, 13, 19, 26, 28, 29, 30, 31, 32, 34, 35, 43, 45, 48, 49, 52, 56, 57, और 60 शामिल हैं, जहाँ महिला बनाम महिला का सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा।

### 15 वार्डों में मतदाता सूची में भी पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

कुल 60 वार्डों में से 15 वार्ड ऐसे हैं जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता की झलक दिखाती यह सूची दशार्ती है कि इन इलाकों में चुनावी नतीजे तय करने में महिलाओं की भूमिका निर्णायक होगी। इन 15 वार्डों में

वार्ड 2ः पुरुष 994, महिला 1023
वार्ड 10ः पुरुष 1733, महिला 1793
वार्ड 16ः पुरुष 787, महिला 818
वार्ड 17ः पुरुष 1485, महिला 1506
वार्ड 18ः पुरुष 991, महिला 1050
वार्ड 23ः पुरुष 1329, महिला 1337
वार्ड 26ः पुरुष 1226, महिला 1233
वार्ड 35ः पुरुष 1175, महिला 1196
वार्ड 36ः पुरुष 802, महिला 840
वार्ड 39ः पुरुष 1270, महिला 1284
वार्ड 40ः पुरुष 916, महिला 976
वार्ड 43ः पुरुष 1043, महिला 1046
वार्ड 44ः पुरुष 1195, महिला 1201
वार्ड 47ः पुरुष 1212, महिला 1256, थर्ड जेंडर 2
वार्ड 53ः पुरुष 797, महिला 809
वार्ड 54ः पुरुष 890, महिला 899
वार्ड 58ः पुरुष 843, महिला 873



अपना नामांकन पत्र भरने के बाद उत्साहित प्रत्याशी व समर्थक।



## निष्पक्ष व भयमुक्त मतदान के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

मदनगंज- किशनगढ़। आगामी चुनावों में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं तटस्थ मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किशनगढ़ सर्किल थानों के पुलिस बल ने शहर के संवेदनशील प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने आमजन को बिना किसी डर या दबाव के निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस उपाधीक्षक हंसाराम चौधरी के निर्देशन में फ्लैग मार्च की शुरूआत गांधीनगर थाना अधिकारी अनिल शर्मा, मदनगंज थानाधिकारी भवानीसिंह एवं शहर थानाधिकारी नरपतराम बाना के संयुक्त नेतृत्व में गांधीनगर थाने के रामनेर रोड से हुई। मार्च रामनेर रोड से शुरू होकर चमड़ाघर और ओवरब्रिज होते हुए मदनगंज के मुख्य बाजार पहुंचा। मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और व्यापारियों व स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने आमजन को आश्वस्त किया कि क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत है ।




फोटो किशनगढ़। शत प्रतिशत मतदान के लिए जारी बेनर व मौजूद एसडीएम चौधरी एवं अन्य।

## 'मतदाता लोकतंत्र का चमकता सितारा'



फोटो किशनगढ़। स्वीप कार्यक्रम के दौरान आरके पाटनी गर्ल्स नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं व टीम।

**मदनगंज-किशनगढ़।** नगर परिषद आम चुनाव 2026 के अंतर्गत स्वीप प्रकोष्ठ किशनगढ़ द्वारा लोक तंत्र का आकाश संकल्प तारा अभियान थीम पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज के बाहर किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों के छात्र छात्राओं के साथ आम जन ने संकल्प तारा चिपका कर हर मतदाता लोकतंत्र का चमकता सितारा का संदेश दिया। सीबीईओ रेणु गहलोत द्वारा निर्देशन दिया गया। एसीबीईओ तरुण वैष्णव व नीरज पारीक प्रभारी वंदना डाबी, सहप्रभारी भवदीप हाडा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप टीम में आलोक शर्मा, सतीश शर्मा, प्रिया शर्मा व चेतना पारीक ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया। संपूर्ण कार्यक्रम में आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज का विशेष सहयोग रहा।

## प्रत्याशियों को आवंटित हुए चुनाव चिन्ह, प्रचार में जुटीं टीमें

**मदनगंज-किशनगढ़।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार चौधरी द्वारा चुनावी मैदान में डटे 127 निर्दलीय उम्मीदवारों को सिंबल (चुनाव चिन्ह) आवंटित कर दिए गए हैं। चुनाव चिन्ह आवंटन के दौरान प्रत्याशियों को तरह-तरह के सिंबल मिले हैं। सिंबल में किसी को अलमारी, गुब्बारा, कैंची मिली, तो किसी के खाते में टीवी और बांसुरी आई है। सिंबल मिलते ही उम्मीदवारों के चेहरे खिल उठे और वे तुरंत अपने-अपने वार्डों में पहुंच गए। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनिल कुमार, सहायक निवार्चन अधिकारी एवं तहसीलदार अकुंर जैन ने सिंबल वितरण के लिए नियमानुसार कार्यवाही कर सूची जारी की। जारी सूची के अनुसार 39 उम्मीदवारों को अलमारी, 16 प्रत्याशियों को सेब, 14 को मशीन, 10-10 को टेलीफोन एवं 9 उम्मीदवारों को गुब्बारा आवंटित किया। कुछ उम्मीदवारों को अंगूर, फूलगोभी, चूड़ियां, बाल्टी आदि भी मिले है। प्रत्याशियों ने अब समर्थकों के साथ घर-घर जाकर चुनाव चिन्ह बताकर धुआंधार प्रचार शुरू कर दिया है।

स्वामी व प्रकाशक शिवकुमार शर्मा के लिए मुद्रक गजेन्द्र के. बोहरा द्वारा नितिन प्रिन्टर्स, बंगाली गली, कचहरी रोड, अजमेर ( राज. ) से मुद्रित एवं कार्यालय नन्द निकुंज, जैन स्थानक गली, शिवाजी नगर, मदनगंज-किशनगढ़ ( अजमेर ) से प्रकाशित। सम्पादक : शिवकुमार शर्मा मो. 9829250181, ई-मेल : shiv.ksg@gmail.com

एक लक्ष्य एक समय सीमा के साथ देखा गया एक सपना है।

*-नेपोलियन हिल*

## सम्पादकीय

**सोमवार, 7 सितम्बर 2026**

### सियासत में 'सपनों की नीलामी'

## कुर्सी के 'अनारक्षित' सपने और लोकतंत्र का चौसर

किशनगढ़ की आबो-हवा में इन दिनों सियासत की महक घुली हुई है। नगर परिषद चुनाव का बिगुल क्या बजा, शहर का हर नुक्कड़, हर गली एक मिनी-संसद में तब्दील हो चुकी है। इस बार नगर परिषद में सभापति की सीट 'अनारक्षित' यानी जनरल घोषित हुई है। नियम की विडंबना कहिए या लोकतंत्र की व्यवस्था—जब आरक्षण का दौर चलता है, तो कुछ दायरे सिमट जाते हैं, लेकिन जैसे ही सीट 'अनारक्षित' होती है, महफि ल सब के लिए सज जाती है। जनरल सीट का यह गणित हर वर्ग के लिए एक खुला आसमान बनकर उभरा है, पर इसी नियम की छांव में कई बार उन दावेदारों के चेहरे पर मायूसी भी तैर जाती है जो हर बार अपने हक के लिए अपनी ही बारी का इंतजार करते रह जाते हैं। बहरहाल, नियम तो नियम है, और इसी नियम की बदौलत आज किशनगढ़ का हर रास्ता एक ही मंज़िल की तरफ मुड़ता दिखता है—सभापति का वो 'शाही ताज'।



अजीब-ओ-गरीब दास्तान है इस बार के चुनाव की! कहने को तो यह 60 वार्डों के पार्षदों को चुनने का संग्राम है, मगर हकीकत यह है कि हर उम्मीदवार की नजर पार्षद की मुर्गाबी पर नहीं, बल्कि सभापति की मछली की आंख पर टिकी है। पार्षद तो मानो महज एक जरिया है, असली मकसद तो उस आबदार कुर्सी पर कब्जा जमाना है। भाजपा के 60 और कांग्रेस के 60 सिपाहियों के साथ-साथ 130 निर्दलीय शहजादे भी अपनी-अपनी उम्मीदों का घोड़ा दौड़ा रहे हैं। 250 से ज्यादा दावेदार और हर दिल में एक ही ख़्वाहिश—'मैं ही बनूंगा शहर का रहनुमा!'

सपनों के इस बाजार में हर कोई अपनी वफादारी और रसूख की बोलियां लगा रहा है। निर्दलीयों की फौज ने मुकाबले को सिर्फ दिलचस्प ही नहीं बनाया, बल्कि दोनों राष्ट्रीय दलों की नींदें भी उड़ानी शुरू कर दी हैं। जो कल तक सिर्फ एक वार्ड का प्रतिनिधि बनने का ख्वाब देखते थे, वे आज पूरी परिषद का हुक्मरान बनने के हसीन सपने बुन रहे हैं। लोकतंत्र का यह सौंदर्य भी है और त्रासदी भी, जहाँ जनता का वोट तो वार्ड के विकास के लिए माँगा जा रहा है, मगर नीयत सभापति के दफ़्तर पर टिकी है।

दावों, वादों और हसरतों की यह पतंगें हवा में बहुत ऊंची उड़ रही हैं। किसका पेच कटेगा और किसकी पतंग आसमान छुएगी, यह तो आने वाला वक़्त और मतपेटी से निकलने वाला जनादेश ही तय करेगा। फिलहाल तो किशनगढ़ की सियासत में 'सपनों की नीलामी' जारी है, और हर दावेदार खुद को इस शहर का भावी मुकद्दर मानकर मुस्करा रहा है।

*चाबी मतदाताओं के पास*

किशनगढ़ नगर परिषद चुनावों को लेकर चुनावी चर्चा जोरों पर है। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी 60 वार्डों की अंतिम मतदाता सूची के अनुसार इस बार कुल 1,26,161 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की नई सरकार का फैसला करेंगे। सभी 60 वार्डों पर नजर डाले तो पुरुष 63867, महिला 62292 और थर्ड जेंडर 2 मिलाकर कुल 126161 मतदाता दर्ज हैं। जेंडर औसत की बात करें तो 50.62 पुरुष, 49.37 प्रतिशत महिला एवं मात्र 2 थर्ड जेंडर मतदाता है। लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां पुरुष मतदाताओं का दबदबा कायम है, वहीं शहर के 17 वार्डों में महिला शक्ति की निर्णायक भूमिका रहने वाली है। नए वोटर लिस्ट के आंकड़ों से साफ है कि इस बार चुनाव का ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तय करने में महिला मतदाता बेहद अहम साबित होंगी।

## कोटपुतली – किशनगढ़ ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे निरस्ती के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**मदनगंज- किशनगढ़** । कोटपुतली से किशनगढ़ तक बन रहे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे को लेकर चौमूं-गोविंदगढ़ के पास तातेड़ा मोड़ पर किसानों ने धरना प्रदर्शन दिया। किसानों एक्सप्रेस वे को निरस्त होने तक संघर्ष का संकल्प लिया। इस दौरान किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि संघर्ष के साथ संवादभीचलेगा।

जिला कलेक्टर जयपुर संदेश नायक ने किसानों को ऑनलाइन आश्वासन दिया कि उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली समिति में किसानों के प्रतिनिधि भी रहेंगे। समिति की रिपोर्ट आने तक एक्सप्रेस वे की कार्यवाही स्थगित रहेगी । आपत्ति प्रस्तुत करने की निर्धारित समय अवधि समिति की रिपोर्ट आने के बाद आरंभ होगी। सबके लिए सरकार की ओर से अधिसूचना प्रसारित करने की जानकारी भी दी। ज्ञात रहे कि किसान प्रतिनिधियों तथा सरकार के मध्य चौथे चरण की वार्ता के अनुसार यह कार्यवाही की गई। इसके अनुसार ही सत्य अन्वेषण के लिए संपूर्ण क्षेत्र में समिति भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेंगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दीलाल यादव, उपाध्यक्ष गोपीराम डबास, एक्सप्रेस वे से संबंधित आयोजन समिति के संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, प्रदेश संगठन मंत्री गोवर्धन तेतरवाल, प्रदेश मंत्री बत्तीलाल बैरवा, किशनगढ़ तहसील के अध्यक्ष मोहन चौधरी, पाटन तहसील के अध्यक्ष श्याम स्वामी, सहित बड़ी संख्या मेंकिसान मौजूद रहे। किसानों ने एक मत होकर 12 उपखंडों के 114 गांवों सतत संपर्क एवं बैठकों के माध्यम से जागरण का कार्य चलाते रहने का आह्वान किया। विरोध जताने वाले किसान प्रतिनिधियों ने बताया कि आंदोलन की तैयारी की दिशा में 15 सितंबर के पूर्व 1000 ट्रैक्टर सूचीबद्ध किए जाएंगे। जिसके लिए भी सभी प्रभारी को तहसील प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में कोटपुतली से किशनगढ़ तक के किसान मौजूद रहे।

# "रण में शेष रहे जो वीर, वार्डवार उनकी तस्वीर"

| | |
|---|---|
| वार्ड 1 (2 प्रत्याशी) | बलबीर राजपुरोहित-इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्रीराम चौधरी-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 2 (7 प्रत्याशी) | लक्ष्मण चौधरी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, आशिष-निर्दलीय, मंजू देवी-निर्दलीय, रोहित परेवा-निर्दलीय, विजेन्द्र बोहरा-निर्दलीय, हनुमान प्रसाद वैष्णव-भारतीय जनता पार्टी, नवीन कुमार नायक-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 3 (4 प्रत्याशी) | गोपाल प्रजापत-इंडियन नेशनल कांग्रेस, कन्हैया लाल-निर्दलीय, पुखराज-निर्दलीय, प्रदीप चौधरी-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 4 (3 प्रत्याशी) | मोहन लाल डूडी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, रणजीत चौधरी-निर्दलीय, कैलाश चौधरी-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 5 (3 प्रत्याशी) | यासीन-इंडियन नेशनल कांग्रेस, समरथ सिह-भारतीय जनता पार्टी, ऋतिक साहू-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 6 (6 प्रत्याशी) | मोहम्मद आमीर राजा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, इब्राहीम खान-निर्दलीय, इमरान कुरैशी-निर्दलीय, रमजान अली-निर्दलीय, शाहरुख शेख-निर्दलीय, इकबाल मों-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 7 (6 प्रत्याशी) | मोहम्मद रफीक-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मोहम्मद मुय्यर खान-निर्दलीय, मोहम्मद युसुफ-निर्दलीय, सलीम-निर्दलीय, मोहम्मद इमरान-भारतीय जनता पार्टी, नवेद हुसैन अंसारी-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 8 (6 प्रत्याशी) | सलमा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, ममता-निर्दलीय, सीमा जांगिड-निर्दलीय, हिना बानो-निर्दलीय, माया देवी-भारतीय जनता पार्टी, जायदा बानो-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 9 (5 प्रत्याशी) | इकराम-इंडियन नेशनल कांग्रेस, एजाज अहमद-निर्दलीय, बिरदी चन्द-निर्दलीय, शफीक रहमान-निर्दलीय, सोनू राव-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 10 (4 प्रत्याशी) | हमिदा बानो-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अनिशा छीपा-निर्दलीय, हिना-निर्दलीय, गणेशी देवी-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 11 (6 प्रत्याशी) | सुरेश रैदास-इंडियन नेशनल कांग्रेस, प्रभु लाल खटीक-निर्दलीय, मुकेश रेगर-निर्दलीय, रुपेश झारोटिया-निर्दलीय, सत्यनारायण बैरवा-निर्दलीय, रामावतार रैदास-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 12 (3 प्रत्याशी) | सतपाल राव-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अनिल-भारतीय जनता पार्टी, फिरोज मो.-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 13 (4 प्रत्याशी) | चन्द्रकला गहलोत-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मंशा गहलोत-निर्दलीय, मुन्नी देवी-निर्दलीय, दुर्गा मालाकार-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 14 (5 प्रत्याशी) | बाबु लाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्याम सिह-निर्दलीय, सन्नी राव-निर्दलीय, सुरेश प्रजापति-निर्दलीय, शेर सिंह नरुका-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 15 (7 प्रत्याशी) | राधेश्याम-इंडियन नेशनल कांग्रेस, जगदीश सिंह शेखावत-निर्दलीय, जयकुमार भाट-निर्दलीय, जोगेंद्र सिंह बडवा-निर्दलीय, राजेश-निर्दलीय, राम चन्द्र शर्मा-निर्दलीय, मनेन्द्र सिंह खंगारोत-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 16 (3 प्रत्याशी) | रामसिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, किशनलाल मीणा-निर्दलीय, गोपाल मीणा-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 17 (2 प्रत्याशी) | चन्द्र भान डबरिया-इंडियन नेशनल कांग्रेस, लक्ष्मी नारायण सोनगरा-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 18 (5 प्रत्याशी) | आशा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, गोपीकिशन टॉक-निर्दलीय, नेमीचन्द यादव-निर्दलीय, पंकज मेवाडा-निर्दलीय, गोपाल लाल-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 19 (5 प्रत्याशी) | रूपा देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, कृष्णा सैन-निर्दलीय, ज्योति सेन-निर्दलीय, राखी शर्मा-निर्दलीय, संतोष-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 20 (3 प्रत्याशी) | राकेश शर्मा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पुनित जैन-निर्दलीय, जनक दास-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 21 (3 प्रत्याशी) | मोहित खण्डेलवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, शोयब-निर्दलीय, उदित-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 22 (3 प्रत्याशी) | मोहम्मद तक्की-इंडियन नेशनल कांग्रेस, संजय-निर्दलीय, दीपक कुमार-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 23 (3 प्रत्याशी) | सुशील अजमेरा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, विकास पाटनी-निर्दलीय, सुरेश कुमार-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 24 (3 प्रत्याशी) | राहुल चौरड़िया-इंडियन नेशनल कांग्रेस, उमराव मल-निर्दलीय, सुनील दरड़ा-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 25 (3 प्रत्याशी) | मनीष कौशिक-इंडियन नेशनल कांग्रेस, प्रेमचन्द-निर्दलीय, किशन बंग- भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 26 (2 प्रत्याशी) | सुशीला-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मनीषा-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 27 (4 प्रत्याशी) | महेन्द्र कुमार यादव-इंडियन नेशनल कांग्रेस, विवेक माहेश्वरी-निर्दलीय, महेन्द्र-भारतीय जनता पार्टी, आशीष-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी |
| वार्ड 28 (3 प्रत्याशी) | संगीतादेवी वैष्णव-इंडियन नेशनल कांग्रेस, सीता-निर्दलीय, बीना-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 29 (5 प्रत्याशी) | सुनिता दाधीच-इंडियन नेशनल कांग्रेस, कनुप्रिया डागा-निर्दलीय, निरंजन कँवर-निर्दलीय, प्रियंका यादव-निर्दलीय, सुशीला बाहेती-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 30 (5 प्रत्याशी) | अन्जू सैन-इंडियन नेशनल कांग्रेस, कोमल-निर्दलीय, प्रजापति शिवानी-निर्दलीय, सुमन वैष्णव-निर्दलीय, हेमलता-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 31 (4 प्रत्याशी) | गुडडी टांक-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मोना प्रजापत-निर्दलीय, रेखा-निर्दलीय, दिव्या टांक-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 32 (4 प्रत्याशी) | लक्ष्मी देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, छोटी देवी-निर्दलीय, पूजा मेघवंशी-निर्दलीय, रेखा बंजारा-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 33 (4 प्रत्याशी) | राहुल बोहरा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, ज्ञानचंद-निर्दलीय, प्रकाश-निर्दलीय, राकेश-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 34 (3 प्रत्याशी) | शिवराज कँवर-इंडियन नेशनल कांग्रेस, ज्योति साहू-निर्दलीय, शतविभा पाराशर-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 35 (5 प्रत्याशी) | रामकन्या कंवर-आम आदमी पार्टी, कोमल यादव-इंडियन नेशनल कांग्रेस, रुक्मा देवी-निर्दलीय, सीमा शर्मा-निर्दलीय, सोनम जांगिड-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 36 (6 प्रत्याशी) | दीपक कुमार बामनियां-इंडियन नेशनल कांग्रेस, गोरीशंकर-निर्दलीय, राजकुमार-निर्दलीय,सुनील कुमार मारू-निर्दलीय, शिवराज चुटेला-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 37 (5 प्रत्याशी) | प्रदीप अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पवन कुमार शर्मा-निर्दलीय, बनवारी-निर्दलीय, हिम्मत सिंह-निर्दलीय, वेदप्रकाश दाधीच-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 38 (5 प्रत्याशी) | गिरधारी लाल-आम आदमी पार्टी, सीताराम-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अनिल कुमार-निर्दलीय, सुरेन्द्र कुमार-निर्दलीय, दिनेश सिंह-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 39 (3 प्रत्याशी) | गजानन्द झालीवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, प्रकाश राठी-निर्दलीय, मनीष टेलर-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 40 (4 प्रत्याशी) | हितेश अजमेरा-इंडियन नेशनल कांग्रेस, बालस्वरूप-निर्दलीय, मोहित-निर्दलीय, पियूष-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 41 (5 प्रत्याशी) | दिलीप सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, नरेन्द्र सिंह-निर्दलीय, राकेश कुमार-निर्दलीय, सियाराम-निर्दलीय, सुरेन्द्र सिंह शेखावत-भारतीय जनता पार्टी, 171 |
| वार्ड 42 (5 प्रत्याशी) | मदन लाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, गजेश कुमार सांखला-निर्दलीय, प्रेमसागर-निर्दलीय, सुखदेव-निर्दलीय, नितेश कुमार बडारिया-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 43 (4 प्रत्याशी) | प्रेम-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मंजू-निर्दलीय, रजिया सुल्तान-निर्दलीय, मेनका-भारतीय जनता पार्टी |
| वार्ड 44 (6 प्रत्याशी) | कमल किशोर-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अहमद नूर-निर्दलीय, आमिर खान-निर्दलीय, गिरिराज शर्मा-निर्दलीय, विनोद कुमावत-भारतीय जनता पार्टी, जाबिद-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, |
| वार्ड 45 (2 प्रत्याशी) | सावत्री-इंडियन नेशनल कांग्रेस, चंदा देवी-भारतीय जनता पार्टी, |
| वार्ड 46 (7 प्रत्याशी) | राजा देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, खलील अहमद-निर्दलीय, फरहान खान-निर्दलीय, बाबूलाल गुर्जर-निर्दलीय, रेखा शर्मा-निर्दलीय, श्योराम-निर्दलीय, शंकर शर्मा-भारतीय जनता पार्टी, |
| वार्ड 47 (6 प्रत्याशी) | सुरेन्द्र सिंह लखन-इंडियन नेशनल कांग्रेस, त्रिलोक-निर्दलीय, रवि शर्मा-निर्दलीय, रामअवतार वर्मा-निर्दलीय, विशाल फोफोलिया-निर्दलीय, मांशू सेन-भारतीय जनता पार्टी, |

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# 60 वार्डों के 1.26 लाख मतदाता करेंगे परिषद की नई सरकार का चुनाव

## ● 15 वार्डों में आधी आबादी का दबदबा ● वार्ड 10 में सबसे ज्यादा, वार्ड 34 में सबसे कम मतदाता

**मदनगंज-किशनगढ़।** किशनगढ़ नगर परिषद चुनावों को लेकर चुनावी बिगुल बजते ही शहर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। निर्वाचन विभाग द्वारा जारी 60 वार्डों की अंतिम मतदाता सूची के अनुसार इस बार कुल 1,26,161 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर शहर की नई सरकार का फैसला करेंगे। सभी 60 वार्डों पर नजर डाले तो पुरुष 63867, महिला 62292 और थर्ड जेंडर 2 मिलाकर कुल 126161 मतदाता दर्ज हैं। जेंडर औसत की बात करें तो 50.62 पुरुष, 49.37 प्रतिशत महिला एवं मात्र 2 थर्ड जेंडर मतदाता है। लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां पुरुष मतदाताओं का दबदबा कायम है, वहीं शहर के 17 वार्डों में महिला शक्ति की निर्णायक भूमिका रहने वाली है। नए वोटर लिस्ट के आंकड़ों से साफ है कि इस बार चुनाव का ऊंट किस करवट बैठेगा, यह तय करने में महिला मतदाता बेहद अहम साबित होंगी।

### वार्डवार मतदाता सूची का विवरण

**वार्ड संख्या 1 से 10 तक**

वार्ड-1 में पुरुष 918, महिला 894, कुल मतदाता 1812। वार्ड-2 में पुरुष 994, महिला 1023, कुल मतदाता 2017। वार्ड-3 में पुरुष 805, महिला 782, कुल मतदाता 1587। वार्ड-4 में पुरुष 1612, महिला 1452, कुल मतदाता 3064। वार्ड-5 में पुरुष 825, महिला 817, कुल मतदाता 1642। वार्ड-6 में पुरुष 1403, महिला 1350, कुल मतदाता 2753। वार्ड-7 में पुरुष 1225, महिला 1182, कुल मतदाता 2407। वार्ड-8 में पुरुष 1018, महिला 976, कुल मतदाता 1994। वार्ड-9 में पुरुष 1097, महिला 1077, कुल मतदाता 2174। वार्ड-10 में पुरुष 1733, महिला 1793, कुल मतदाता 3526।

**वार्ड संख्या 11 से 20 तक**

वार्ड-11 में पुरुष 1065, महिला 945, कुल मतदाता 2010। वार्ड-12 में पुरुष 987, महिला 981, कुल मतदाता 1968। वार्ड-13 में पुरुष 1084, महिला 982, कुल मतदाता 2066। वार्ड-14 में पुरुष 1174, महिला 1075, कुल मतदाता 2249। वार्ड-15 में पुरुष 1241, महिला 1158, कुल मतदाता 2399। वार्ड-16 में पुरुष 787, महिला 818, कुल मतदाता 1605। वार्ड-17 में पुरुष 1485, महिला 1506, कुल मतदाता 2991। वार्ड-18 में पुरुष 991, महिला 1050, कुल मतदाता 2041। वार्ड-19 में पुरुष 1278, महिला 1196, कुल मतदाता 2474। वार्ड-20 में पुरुष 860, महिला 855, कुल मतदाता 1715।

**वार्ड संख्या 21 से 30 तक**

वार्ड-21 में पुरुष 853, महिला 820, कुल मतदाता 1673। वार्ड-22 में पुरुष 910, महिला 874, कुल मतदाता 1784। वार्ड-23 में पुरुष 1329, महिला 1337, कुल मतदाता 2666। वार्ड-24 में पुरुष 1236, महिला 1215, कुल मतदाता 2451। वार्ड-25 में पुरुष 894, महिला 885, कुल मतदाता 1779। वार्ड-26 में पुरुष 1226, महिला 1233, कुल मतदाता 2459। वार्ड-27 में पुरुष 1038, महिला 1002, कुल मतदाता 2040। वार्ड-28 में पुरुष 959, महिला 944, कुल मतदाता 1903। वार्ड-29 में पुरुष 956, महिला 924, कुल मतदाता 1880। वार्ड-30 में पुरुष 1780, महिला 1739, कुल मतदाता 3519।

**वार्ड संख्या 31 से 40 तक**

वार्ड-31 में पुरुष 1013, महिला 906, कुल मतदाता 1919। वार्ड-32 में पुरुष 794, महिला 690, कुल मतदाता 1484। वार्ड-33 में पुरुष 967, महिला 867, कुल मतदाता 1834। वार्ड-34 में पुरुष 687, महिला 659, कुल मतदाता 1346। वार्ड-35 में पुरुष 1175, महिला 1196, कुल मतदाता 2371। वार्ड-36 में पुरुष 802, महिला 840, कुल मतदाता 1642। वार्ड-37 में पुरुष 1168, महिला 1159, कुल मतदाता 2327। वार्ड-38 में पुरुष 880, महिला 872, कुल मतदाता 1752। वार्ड-39 में पुरुष 1270, महिला 1284, कुल मतदाता 2554। वार्ड-40 में पुरुष 916, महिला 976, कुल मतदाता 1892।

**वार्ड संख्या 41 से 50 तक**

वार्ड-41 में पुरुष 1054, महिला 961, कुल मतदाता 2015। वार्ड-42 में पुरुष 1049, महिला 1023, कुल मतदाता 2072। वार्ड-43 में पुरुष 1043, महिला 1046, कुल मतदाता 2089। वार्ड-44 में पुरुष 1195, महिला 1201, कुल मतदाता 2396। वार्ड-45 में पुरुष 1217, महिला 1191, कुल मतदाता 2408। वार्ड-46 में पुरुष 1095, महिला 1012, कुल मतदाता 2107। वार्ड-47 में पुरुष 1212, महिला 1256, थर्ड जेंडर 2, कुल मतदाता 2470। वार्ड-48 में पुरुष 1228, महिला 1170, कुल मतदाता 2398। वार्ड-49 में पुरुष 880, महिला 858, कुल मतदाता 1738। वार्ड-50 में पुरुष 924, महिला 919, कुल मतदाता 1843।

**वार्ड संख्या 51 से 60 तक**

वार्ड-51 में पुरुष 976, महिला 926, कुल मतदाता 1902। वार्ड-52 में पुरुष 1396, महिला 1309, कुल मतदाता 2705। वार्ड-53 में पुरुष 797, महिला 809, कुल मतदाता 1606। वार्ड-54 में पुरुष 890, महिला 899, कुल मतदाता 1789। वार्ड-55 में पुरुष 951, महिला 925, कुल मतदाता 1876। वार्ड-56 में पुरुष 1168, महिला 1081, कुल मतदाता 2249। वार्ड-57 में पुरुष 950, महिला 926, कुल मतदाता 1876। वार्ड-58 में पुरुष 843, महिला 873, कुल मतदाता 1716। वार्ड-59 में पुरुष 856, महिला 833, कुल मतदाता 1689। वार्ड-60 में पुरुष 730, महिला 718, कुल मतदाता 1448। कुल मिलाकर सभी वार्डों में पुरुष 63867, महिला 62292 और थर्ड जेंडर 2 मिलाकर कुल 126161 मतदाता दर्ज हैं।

### अधिकारी का कहना



मतदाता सूची में शुद्धीकरण करने के बाद सूची जारी कर दी गई है। मतदाता अपने वार्ड के अनुसार नाम व भाग संख्या देख सकता है। स्वीप अभियान के तहत अधिक से अधिक मतदान कर शत-प्रतिशत का आंकड़ा छूने के लिए प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सभी बीएलओ को मतदान केंद्रों पर मतदान संबंधी सुविधाओं के दिशा निर्देश दिए गए है। सोमवार को नामांकन पत्र दाखिले का आखिरी दिन है।

**अनिल कुमार चौधरी**
**निर्वाचक रजिस्ट्रकरण पदाधिकारी एवं एसडीएम**

### वार्ड 10 में सबसे ज्यादा, वार्ड 34 में सबसे कम मतदाता

नगर की नई मतदाता सूची के अनुसार वार्ड क्रमांक 10 सबसे बड़ा वार्ड बनकर उभरा है, जहां कुल 3,526 मतदाता 1733 पुरुष, 1793 महिला दर्ज हैं। इसके ठीक पीछे वार्ड 30 है, जिसमें 3,519 मतदाता निवास करते हैं। दूसरी ओर, मतदाताओं की संख्या के लिहाज से वार्ड 34 सबसे छोटा वार्ड है। यहां कुल मतदाताओं की संख्या मात्र 1,346 है, जिसमें 687 पुरुष और 659 महिला मतदाता हैं।

## किशनगढ़ में 35 मतदान केंद्र संवेदनशील एवं क्रिटिकल घोषित

**अब 256 प्रत्याशी मैदान में, वार्ड 36 से निर्दलीय उम्मीदवार का हो गया था निधन**

**मदनगंज-किशनगढ़।** नगरीय आम चुनाव 2026 की तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी अनिल कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपखंड कार्यालय में आयोजित इस बैठक में नगरपरिषद क्षेत्र के संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था तथा निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी चौधरी ने स्पष्ट किया कि आगामी चुनावों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं और मजबूत सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की गई। तहसीलदार अकुंर जैन ने वार्डवार बूथों पर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। इस दौरान क्षेत्र के संबंधित थानाधिकारियों ने अपने-अपने अधिकार क्षेत्रों में आने वाले संवेदनशील और क्रिटिकल मतदान केंद्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में इन सूचनाओं का बिंदुवार परीक्षण किया गया। स्थानीय परिस्थितियों और वार्ड प्रत्याशियों की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए सूची में आवश्यक संशोधन व परिवर्तन किए गए। संशोधन के पश्चात किशनगढ़ नगरपरिषद क्षेत्र में कुल 35 क्रिटिकल मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। इस समीक्षा बैठक में पुलिस वृत्त अधीक्षक (शहरी) धमाराम चौधरी, तहसीलदार अकुंर जैन, प्रशिक्षु कुलदीप सिंह नायब तहसीलदार किशनगढ़ तथा संबंधित क्षेत्रों के थानाधिकारी उपस्थित रहे।

(पृष्ठ 2 का शेष) रण में...

वार्ड 48 (6 प्रत्याशी) सबनम बानो-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अर्चिता-निर्दलीय, अलका सेन-निर्दलीय, आरती कँवर-निर्दलीय, मुमताज-निर्दलीय, विमला देवी-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 49 (5 प्रत्याशी) माधुरी दमामी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मिनाक्षी शर्मा-निर्दलीय, मुन्ना देवी-निर्दलीय, रामा देवी-निर्दलीय, वर्तिका कर्नावट-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 50 (7 प्रत्याशी) परमेन्द्र-इंडियन नेशनल कांग्रेस, तेज सिंह नरुका-निर्दलीय, तेजसिंह-निर्दलीय, बाबूलाल प्रजापत-निर्दलीय, मोहम्मद शहजाद-निर्दलीय, राकेश कुमार-भारतीय जनता पार्टी, हेमराज-राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी,

वार्ड 51 (11 प्रत्याशी) रामलाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, किशनलाल-निर्दलीय, गुलाब चन्द-निर्दलीय, दीपक अजमेरा-निर्दलीय, भागचंद माली-निर्दलीय, राजेश कुमार माली-निर्दलीय, संदीप कुमार-निर्दलीय, हनुमान मालाकार-निर्दलीय, हरिगोविन्द-निर्दलीय, हिमांशु अजमेरा-निर्दलीय, बशीलाल-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 52 (4 प्रत्याशी) प्रियंका देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, संतोष गुर्जर-निर्दलीय, सुमन गुर्जर-निर्दलीय, प्रेम-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 53 प्रत्याशी) संजय जैन-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पृथ्वीराज सिंह-निर्दलीय, पंकज-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 54 (2 प्रत्याशी) कार्तिक कुमार-इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजकुमार-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 55 प्रत्याशी) जगदीप सिंह-इंडियन नेशनल कांग्रेस, मोहन गुर्जर-निर्दलीय, मुकेश कुमार प्रजापति-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 56 (2 प्रत्याशी) पूजा बिड़ला (मेघवाल)-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पुजा-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 57 प्रत्याशी) शोभा देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, पानादेवी-निर्दलीय, गायत्री देवी-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 58 (4 प्रत्याशी) विशम्भर लाल वैष्णव-इंडियन नेशनल कांग्रेस, रामस्वरूप-निर्दलीय, हिम्मत सिंह-निर्दलीय, भागचन्द चौधरी-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 59 प्रत्याशी) मदनलाल मेघवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, सत्यनारायण-निर्दलीय, बलराम सामरिया-भारतीय जनता पार्टी,

वार्ड 60 (5 प्रत्याशी) संतरा देवी-इंडियन नेशनल कांग्रेस, अनीता देवी-निर्दलीय, खुशबू गवारिया-निर्दलीय, लक्ष्मी-निर्दलीय, कांता देवी-भारतीय जनता पार्टी,, इनका कहना है-, "नाम वापसी की निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 60 वार्डों की 257 प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।", अनिल कुमार शर्मा,, रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम, किशनगढ़

## राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत रैली निकाल दिया नेत्रदान का संदेश

**मदनगंज-किशनगढ़।** जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान के गूंजते नारों के साथ राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल का परिसर एवं मुख्य मार्ग मानवता का संदेश देता नजर आया। 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के तहत क्लब 100 चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नेत्रदान संकल्प रैली का सफल आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत राजकीय यज्ञनारायण जिला चिकित्सालय प्रांगण से हुई। आई बैंक सोसायटी अजमेर के डॉ. भरत शर्मा, कुलदीप शर्मा और अस्पताल के पीएमओ डॉ. परसराम चौधरी के नेतृत्व में निकली रैली सिटी रोड से ती हुई पुनः अस्पताल परिसर में पहुंचकर संपन्न हुई । नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि नेवला, डॉ. हेमंत शर्मा के अलावा ओटी इंचार्ज राजकुमार, ओटी स्टॉफ सरोज, रोहित, दीपक सैनी, शहबान, योगेश, निकेश, रविंद्रकुमार की सेवाओं की सराहना की गई। इस अवसर पर आई बैंक सोसायटी के डॉ. भरत शर्मा ने बताया कि क्लब 100 अब तक 55 मरणोपरांत नेत्रदान करवा चुका है, जिससे 110 दृष्टिहीन लोगों के जीवन में नया सवेरा आया है। उन्होंने कहा कि संस्था के सदस्य 24 घंटे इस सेवा के लिए तत्पर रहते हैं और सोसायटी इस पवित्र कार्य में हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. परसाराम चौधरी ने क्लब 100 और आई बैंक सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास दिलाया कि अस्पताल परिसर में जागरूकता पोस्टर लगाए जाएंगे और हर स्तर पर पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेवला ने कहा कि किसी भी बीमारी में नेत्रदान किया जा सकता है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शर्मा ने बताया कि कॉर्नियल ब्लाइंडनेस यानी आंख का जो काला हीरा होता है, उसके अंदर यदि कोई बीमारी होती है, वह खराब हो जाता है या उसमें इंफेक्शन हो जाता है, तो उसे रिप्लेस करके हम किसी की रोशनी लौटा सकते हैं, बशर्ते उसका पर्दा और बाकी संरचना सही हो । 100 क्लब के वक्ताओं ने बताया कि कई बार लोग ऑर्गन डोनेशन का फॉर्म भर देते हैं या प्रण ले लेते हैं कि वे नेत्रदान करेंगे, लेकिन वे अपने घर-परिवार या रिश्तेदारों से यह बात शेयर नहीं करते। जब टीम समय पर पहुंचती है तो परिवार वाले मना कर देते हैं कि मरीज ने ऐसी कोई बात नहीं की थी। इसलिए सिर्फ प्रण लेने से कुछ नहीं होगा। अपने परिवार के सदस्यों को यह जरूर बताएं कि आपने नेत्रदान का संकल्प लिया है, ताकि दुनिया से विदा होने के बाद आपका कॉर्निया डोनेट किया जा सके।